# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026


## उदयपुर मे हुंई जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक।


Publisher

Published on 31 May 2025




# जल स्वावलंबन पखवाड़ा के अंतर्गत सुरेश सिंह रावत ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश।

सवांदाता,उदयपुर,राजस्थान

**उदयपुर,राजस्थान**: राजस्थान के जल संसाधन मंत्री **माननीय श्री सुरेश सिंह रावत** ने आज **उदयपुर संभाग** के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ **जल स्वावलंबन पखवाड़ा** के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण **समीक्षा बैठक** की। इस बैठक में **जल संचय, बाढ़ नियंत्रण** और **मानसून पूर्व तैयारियों** की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मंत्री महोदय ने अधिकारियों को **क्षेत्रीय आवश्यकताओं** के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने तथा उसका **समयबद्ध क्रियान्वयन** सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि **जनभागीदारी** के बिना जल संरक्षण जैसे गंभीर विषय में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकती, इसलिए **सामाजिक सहभागिता को प्राथमिकता** दी जानी चाहिए।

**बैठक की प्रमुख बाते:**

१. **मानसून पूर्व जल निकासी एवं संरचनात्मक तैयारियों की समीक्षा**।

२. **बाढ़ संभावित क्षेत्रों मे त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश**।

३. **जल स्वावलंबन को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों मे संमान रूप से लागू करने का आह्वान**।

४. **जल संकट से निपटने के लिए स्थायी समाधान और नवाचारों पर बल**।

**श्री रावत** ने कहा कि **राज्य सरकार जल संकट** से निपटने और संभावित बाढ़ की चुनौतियों से मुकाबला करने हेतु **प्रभावी रणनीति** अपना रही है। उन्होंने कहा कि **जल स्वावलंबन ही सतत विकास का आधार** है और इससे भविष्य में जल आपूर्ति की निर्भरता को कम किया जा सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.